हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार,5 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 30 .8 डिग्री
न्यूनतम 24 .4 डिग्री

12 सीएम नायब सिंह की घोषणा के बाद खुशी से झूम उठे सरपंच



12 छह महीने से बंद शंभू बॉर्डर को खुलवाने की कसरत



## खबर संक्षेप

### लंबित मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान

**कुरुक्षेत्र।** उप आबकारी व कराधान आयुक्त (बिक्री कर) अधिकारी जगबीर सिंह ने कहा कि एचवीएटी एक्ट 2003 और अन्य अधिनियमों के तहत सभी लंबित कार्यवाही के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें उप आबकारी व कराधान आयुक्त (बिक्री कर) कार्यालय में 31 जुलाई 2024 तक इन लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर कानून के अनुसार निपटाया जाना है।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मारपीट व हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी अक्षय बालियान उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। महुआखेड़ी गांव के पूर्णचंद ने 13 मई 2018 शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी मोहित, राजविंद्र, दिनकर, मोहित, सुमित व अन्य ने मिलकर 40 वर्षीय रणधीर सिंह पर चाकू से वार करके, पिस्टल से गोलियां चला कर हत्या कर दी। इस शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव पुठार निवासी संदीप व विशाल की बाइक को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादेस में घायल संदीप व विशाल को खानपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, यहां से दोनों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। रोहतक पीजीआई में इलाज के दौरान संदीप की मौत हो गई।

# क्राइम ब्रांच के एसआई के हत्यारों का सुराग नहीं, धरपकड़ में जुटी कई टीमें

## संजीव का गांव की शिवपुरी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

गांव कूटेल के रहने वाले कुरुक्षेत्र क्राइम ब्रांच में तैनात संजीव का वीरवार को अंतिम संस्कार कर दिया है। उसके बेटे योगेश ने कनाडा से आकर अपने पिता को मुख अग्नि दी। उनकी शव यात्रा में विधायक हरविंदर कल्याण, डीएसपी मनोज कुमार सहित भारी संख्या में राजनैतिक, धार्मिक संस्थाओ के साथ साथ ग्रामीणों ने पहुँच कर संजीव को श्रद्धांजलि दी। संस्कार के समय संजीव कल्याण अमर रहे के नारे गूंज उठे। जैसे ही गांव में शव पहुंचा परिवार के लोग का रो रो कर बुरा हाल था। पुलिस हत्यारों तक पहुंचने के लिए पूरी कोशिश कर रही है।

- बेटे ने दी कनाडा से पहुंच कर पिता को मुख अग्नि
- पुलिस हत्यारों तक

कई टीम गठित की हुई है, और सीसीटीवी खंगाल रही है,लेकिन अभी तक हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर है। संजीव का का गांव की शिवपुरी में राजकीय सम्मान के साथ संस्कार किया गया। एसआई संजीव को मंगलवार की सांय साढ़े सात बजे गोली मार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर मार्चरी हाउस में रख दिया था और उसके बेटे का इंतजार किया जा रहा था। उसका बेटा योगेश कनाडा में रहता है। उसके कनाडा से आने के बाद वीरवार को गांव कूटेल की शिवपुरी में अंतिम संस्कार कर दिया है।




क्राइम ब्रांच के एसआई को सलामी देती पुलिस व अपने पिता को मुखाग्नि देता उसका बेटा योगेश । फोटो : हरिभूमि

### परिवार व समाज के लिए दुखद घटना

विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि परिवार व समाज के लिए बहुत ही दुखद घटना है। पुलिस इसमें बड़ी मुस्तैदी से लगी हुई है। डी एस पी मनोज कुमार ने बताया एएसआई संजीव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### बाइक सवार युवकों ने गोली मारकर की थी हत्या

बता दे कि कुरुक्षेत्र के क्राइम ब्रांच में तैनात संजीव (42वर्ष) मंगलवार की रात को लगभग साढ़े सात बजे खाना खाने के बात घर से बाहर टहलने के लिए निकला था। उसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो युवकों ने उस पर गोली दाग दी। जिसको उपचार के लिए करनाल स्थित एक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही घटना ग्रामीणों को मिली तों घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी मनोज कुमार, मधुबन थाना प्रभारी मुनीष कुमार व सीआईए पुलिस मौके पर पहुँच गई और चारो तरफ नाकेबंदी कर दी। पुलिस हत्या करने वालो तक पहुंचने के लिए पूरा प्रयास कर रही। पुलिस ने कई टीम भी गठित की गई है।

# कबूतरबाज ने चार युवकों से 36.50 लाख रुपये हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्क परमिट पर विदेश भेजकर अच्छा पैसा कमाने का लालच देकर चार युवकों से साढ़े 36 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने मामले में 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांधी धाम कॉलोनी जगाधरी निवासी विकास शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2023 में उनके रिश्तेदार ने उसे बताया कि उसके रिश्तेदार संदीप कुमार, कोमल शर्मा, मंजू देवी, मोहम्मद हादिल , विकास शर्मा, रवीश, गुरप्रीत, स्नेहलता, राशी वालिया उनके रिश्तेदार है। वह विदेश में आते जाते रहते है। वह उसे विदेश भेज देंगे। रिश्तेदार की बातों में आकर वह दिसंबर में आरोपियों से मिला। आरोपियों ने उसे वर्क परमिट पर कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया। आरोपियों पर विश्वास करके उसने अपने दोस्त गांव लाहड़पर निवासी मलकीत सिंह व पजांब के गांव राजपुरा निवासी जतिंद्र शर्मा से बात की। आरोपियों ने भी विदेश जाने के लिए हां कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उनसे 32 लाख रुपये व जरूरी दस्तावेज ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया। जहां वह कुछ दिन रहे। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें अजरबैजार भेज दिया। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें कहा कि उनका भारत में बायोमैट्रिक होगा। जिसके बाद वह भारत से सीध कनाड़ा चले जाएगें। आरोपियों पर विश्वास करके वह भारत वापस आ गए। मगर इसके बाद आरोपियों ने उन्हें कनाड़ा नहीं भेजा। जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने मामले में 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया

### वर्क परमिट की बजाए टूरिस्ट वीजा पर भेजा

गांव गधौली निवासी जिलावती ने बताया कि उसका लड़का धर्मबीर विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसके लड़के की मुलाकात गांव गुमथला निवासी कृपाल सिंह के साथ हुई। आरोपी ने उसके लड़के को बताया कि वह उसे वर्क परमिट पर अच्छे देश में भेज देंगे। जहां पर वह अच्छा पैसा कमा सकता है। आरोपी ने उससे विदेश भेजने के नाम पर साढ़े चार लाख रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उसके लड़के को किर्गीस्तान भेज दिया। आरोपी ने उसे बताया था कि वहां उसे एक कंपनी में काम मिल जाएगा। जब उसका लड़का वहां गया तो वहां उसे कोई कंपनी नहीं मिली। वीजा की जांच करने पर वह वर्क परमिट की जगह टूरिस्ट वीजा मिला। जिलावती ने बताया कि जब उसने लड़के ने उन्हें फोन कर इस बारे में बताया तो उसने आरोपी से बात की। मगर उसने उनकी बात सुनने से मना कर दिया। अब उसके लड़के का वीजा खत्म हो गया है। जिस कारण वह एक कमरे में बंद है। उसके लड़के को वहां की पुलिस द्वारा पकड़े जाने का डर है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# यूपी का 50 हजार का इनामी बदमाश समालखा में काबू

**पानीपत।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीपी) पलवल जिला यूनिट ने गुरुवार को पानीपत के समालखा में 50 हजार के इनामी बदमाश शेर बहादुर पुत्र लोक बहादुर निवासी काबड़ी फाटक क्षेत्र, पानीपत को गिरफ्तार किया है। इस पर उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। बदमाश यूपी पुलिस का वांटेड था। टीम ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद उत्तर प्रदेश की पुलिस के हवाले कर दिया। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार शेर बहादुर पर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में सन 2020 व 2021 में गैंगस्टर एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज है। अपराध करने के बाद से ही शेर बहादुर फरार था। इसकी गिरफ्तारी पर गाजियाबाद पुलिस ने 50 हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस की जांच में पता चला कि शेर बहादुर ने अनेकों जगहों पर फरारी काटी। अब वह पिछले काफी दिनों से पानीपत के समालखा में रुका हुआ था। टीम के अनुसार वह यहां पर पहचान छिपाकर रह रहा था। यही पर वह काम करता था।

- पलवल की एसटीएफ ने समालखा से गिरफ्तार किया, पहचान छिपा कर रह रहा था

# क्षत-विक्षत हालत में मिला नवजात का शव

अंबाला।एक नवजात बच्ची का शव क्षत विक्षत हालत में मिला है। गांव के सरपंच की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला पंजोखरा थाना के अंतर्गत आने वाले गांव भड़ोग का है। भड़ोग के सरपंच बलविंदर ने बताया कि बुधवार शाम 4 बजे उसे सूचना मिली कि गुरदयाल सिंह के घर के पास बाड़े में एक नवजात शिशु पड़ा है। वह तुरंत मौके पर पहुंचा। उन्होंने देखा कि नवजात की मौत हो चुकी थी। नवजात की एक बाजू थोड़ी सी बाहर निकली हुई थी। सरपंच के मुताबिक, नवजात को किसी कुत्ते या अन्य जानवर द्वारा नोचा गया था। शव क्षत विक्षत हालत में था। सरपंच ने बताया कि यह नवजात को किसी महिला ने जन्म से पहले मृत अवस्था में खुर्द-बुर्द करने की नीयत से फेंक दिया है।

# केयू में दाखिले के लिए 609 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा



कुरुक्षेत्र। परीक्षा देते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशनुसार कुरुक्षेत्र विवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी व एमएससी बॉटनी में दाखिले के लिए गुरुवार को आयोजित प्रवेश परीक्षाएं सम्पन्न हुई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रबंधन अध्ययन संस्थान में आयोजित एमएससी बायोकेमिस्ट्री में दाखिले हेतु 74 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं कॉमर्स विभाग केंद्र में एमएससी बायोटेक्नॉलॉजी विषय के लिए 218 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। आर्ट्स फैकल्टी ब्लॉक एक व दो में एमएससी बॉटनी में दाखिले के लिए 317 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया। 5 जुलाई को एमएससी होम साइंस (फूड, न्यूट्रिशियन एंड डायटिक्स) के लिए प्रातः 10 बजे, होम साइंस (ह्यूमन डेवलपमेंट) के लिए दोपहर 12 बजे तथा एमए संस्कृत में दाखिले के लिए दोपहर 3 बजे प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी।

- एमएससी बायोकेमिस्ट्री में दाखिले हेतु 74 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी

# राजकीय स्कूलों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द तैनात हो सकते हैं शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला के राजकीय स्कूलों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द शिक्षकों की कमी पूरी होने की संभावना है। गत बुधवार को हुई काउंसलिंग के दौरान जिले को करीब 113 शिक्षकों के मिलने की उम्मीद है। यह शिक्षक उन स्कूलों में तैनात किए जाएंगे, जहां पर कोई भी शिक्षक तैनात नहीं है।

जानकारी के मुताबिक कुछ समय पहले प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 बैच के जेबीटी अध्यापकों के तबादले कर दिए गए थे और इन अध्यापकों को स्कूल भी अलॉट कर दिए गए थे। स्कूल अलॉट होने के बाद जिले के अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई थी। किसी स्कूल में एक तो कहीं पर एक भी शिक्षक नहीं रहा था। अब शिक्षक रहित स्कूलों को प्राथमिकता दी जा रही है और उनमें अध्यापक तैनात होने की संभावना बन गई है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी होने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रुप से हो सकेगी। खास बात यह रही कि जिन स्कूलों में अध्यापक नहीं थे, उनमें साथ लगते स्कूलों के शिक्षकों के सहयोग से बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करवाई गई।

- यमुनानगर जिला के राजकीय स्कूलों को मिल सकते हैं 113 शिक्षक
- जिले के राजकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी होने पर विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

### शून्य संख्या वाले स्कूलों में तैनात होंगे अध्यापक

डीईईओ धर्मेंद्र चौधरी का कहना है कि पंचकूला में जेबीटी शिक्षकों की काउंसलिंग की जा रही है। पहले 127 शिक्षकों के आने का पता लगा था। अब दोबारा हुई काउंसलिंग में शिक्षकों की संख्या घट गई है। अभी जिला में 113 शिक्षकों के आने का पता लग रहा है। उनका कहना है कि शिक्षकों की संख्या कम ज्यादा भी हो सकती है। इन शिक्षकों को उन विद्यालयों में तैनात किया जाएगा जहां पर शिक्षकों की संख्या शून्य बताई जा रही है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि आदेश जारी होने पर जल्द ही शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

## समारोह

### अभिरुचि कक्षाओं का हुआ भव्य समापन

# नाटक अलीबाबा चालीस चोर ने बटोरी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा कला परिषद द्वारा जून माह आयोजित की गई अभिरुचि कक्षाओं का भव्य समापन हुआ, जिसमें अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकारों ने कला को बढ़ावा देते हुए सभी को रोमांचित कर दिया। समापन समारोह पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. विवेक चावला बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रहे। समापन समारोह पर लोगों को सम्बोधित करते हुए डॉ. विवेक चावला ने कहा कि हरियाणा कला परिषद् अपने नाम को सार्थक करते हुए प्रदेश में सांस्कृतिक बयार लाने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। परिषद में लगने वाली अभिरुचि कक्षाओं के माध्यम से बहुत से कलाकार कला को ही अपनी आजीविका का साधन चुन संस्कृति के विस्तार में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने मुख्यअतिथि डॉ. विवेक चावला को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई।

- हरियाणा कला परिषद् प्रदेश में सांस्कृतिक बयार लाने में मुख्य भूमिका निभा रही : डॉ. चावला



कुरुक्षेत्र। नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यअतिथि ने चित्रों का अवलोकन किया

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यअतिथि ने चित्रकला कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षक सीमा काम्बोज के निर्देशन में तैयार किए गए चित्रों का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों को बधाई दी। इसके बाद हरमोनियम कक्षा के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षक नवजोत के निर्देशन में सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का आगाज किया। वहीं नृत्य कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा पंकज कुमार के निर्देशन में कत्थक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। मोहे रंग दो लाल गीत पर नृत्य करते हुए कलाकारों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। अभिनय कक्षा के विद्यार्थियों ने नाटक अलीबाबा चालीस चोर की जबरदस्त प्रस्तुति दी। विकास शर्मा द्वारा अभिनय का प्रशिक्षण देते हुए तैयार करवाई गई। इस अवसर पर डा. कुमार विनोद, शिवकुमार किरमच, चंद्रशेखर शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### सूने घर से साढ़े तीन लाख के गहने चोरी

**यमुनानगर।** गांव किशनपुर दामला में सूने घर से साढ़े तीन लाख रुपये की कीमत के आभूषण चोरी हो गए। गांव किशनपुर दामला निवासी अब्दुल सत्तार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव पठेड़ में गया था। जब वह वापिस लौटे तो उनके मकान की छत पर बने दोनों कमरों के ताले टूटे हुए थे। अलमारी से लगभग दो लाख रुपये कीमत का सोने का हार व अन्य जेवरात गायब मिले। घर में लगे सीसीटीवी की जांच करने पर गांव का ही काला उर्फ साहिल अंदर घुसता दिखाई दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### तीन दोस्तों पर नकाबपोश युवकों ने किया हमला

**यमुनानगर।** बिलासपुर रोड पर कार सवार तीन दोस्तों पर दूसरी कार में आए आधा दर्जन नकाबपोश युवकों ने हमला कर दिया। गांव सिलिखुर्द निवासी लविश कांबोज ने बताया कि वह छह माह से गांव बुबका में साहिल के सैलून पर कार्य कर रहा है। इस सैलून पर रादौर का ही अंकित भी आता रहता है। वह अंकित व साहिल के साथ कार में रादौर के पंचमुखी हनुमान मंदिर बसातियांवाला में गए। वहां मंदिर में माथा टेककर वापस लौट रहे थे। जब वह मंदिर से निकलकर बिलासपुर की ओर मुड़ने लगे। तभी आई-20 कार में आए छह-सात युवकों ने उन्हें ओवरटेक किया। इस दौरान सभी युवकों ने अपने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। ओवरटेक करते ही आरोपी युवकों ने डंडों व रॉड से उन पर हमला कर दिया।

### कार की टक्कर से इस्जैक कंपनी कर्मी की मौत

**यमुनानगर।** गांव औरंगाबाद स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में तेल डलवाकर घर लौट रहे युवक की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। मृतक युवक इस्जैक कंपनी में नौकरी करता था। गांव औरंगाबाद निवासी 23 वर्षीय विजय कुमार इस्जैक कंपनी में काम करता था। बुधवार शाम को वह अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोप पंप पर गया था। जैसे ही वह पेट्रोल डलवाकर चलने लगा तो तेज गति से आ रही कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

थर्मल के अधीक्षक अभियंता को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# अनुबंधित विद्युत कर्मियों ने मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन

कर्मचारियों को सरकार एवं विभाग की तरफ से बहुत कम वेतन और नाममात्र सुविधा मिलती।


**यमुनानगर।** थर्मल प्लांट के समक्ष रोष प्रदर्शन करते हुए अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) के सदस्यों ने वीरवार को थर्मल के समक्ष अपनी मांगों को लेकर धरना व रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम थर्मल के अधीक्षक अभियंता को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। वीरवार सुबह अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के सैकड़ों सदस्य जिला अध्यक्ष आशीष धीमान के नेतृत्व में थर्मल के समक्ष पहुंच गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। मंच संचालन जिला सचिव रजत चौधरी ने किया। मौके पर संघ के प्रदेशस्तरीय कर्मचारी नेता राज ठाकुर ने कहा कि आज बिजली विभाग का सारा बोझ अनुबंधित कर्मचारियों के कंधे पर है। प्रदेश में किसी भी समय बाढ़ कोरोना काल, भीषण गर्मी, सर्दी में भी बिजली सेवा सुचारू रूप से चले इसके लिए अनुबंधित कर्मचारी पूरी ईमानदारी के कार्य कर रहे हैं। अभी तक पूरे प्रदेश में दर्जनों अनुबंधित कर्मचारी अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों अपने शरीर का कोई ना कोई अंग गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपनी जान पर खेल कर काम करने वाले अनुबंधित कर्मचारियों को सरकार एवं विभाग की तरफ से बहुत कम वेतन और नाममात्र सुविधा मिलती है। जिसकी वजह से अनुबंधित कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि अनुबंधित कर्मचारियों की मांगो को लेकर संगठन द्वारा प्रदेश भर में ज्ञापन दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांगे सरकार द्वारा रेगुलर पॉलिसी बनाई जाने, इस पॉलिसी में विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों को शामिल किए जाने, कैशलेस मेडिकल पॉलिसी, रिस्क अलाउंस, ग्रेज्युटी, एलटीसी और बोनस के अलावा खेदड़ व यमुनानगर थर्मल प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों के लिए 12 जून 2023 को हुए समझौते को लागू किए आदि मांगे शामिल हैं।

उन्होंने सरकार से उनकी सभी मांगे जल्द पूरी करने की मांग की। इस अवसर पर जसविंदर प्रशांत, प्रिंस बिंद्रा, राजवीर शर्मा, राहुल कांबोज, राजेश टोपरा, सुभाष राणा, सुनील सैनी, विकास, राजेश सैनी, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

- जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बाढ़ रोकथाम के इंतजामों की दी जानकारी


**यमुनानगर।** जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में बाढ़ रोकथाम के इंतजामों के बारे में जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

- प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई
- बरसात के मौसम में जिला के उत्तरी क्षेत्र एवं पहाड़ी कैंचमैंट एरिया में अचानक अधिक वर्षा होने के कारण जिला में सम्भावित बाढ़ जैसी स्थिति हो सकती

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बरसात के मौसम के दौरान जिला प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। प्रशासन द्वारा बाढ़ रोकथाम को लेकर जिले में हर प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। ताकि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी क्षेत्र में संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से सही ढंग से निपटा जा सके।

उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा बरसात के मौसम में जिला के उत्तरी क्षेत्र एवं पहाड़ी कैंचमैंट एरिया में अचानक अधिक वर्षा होने के कारण जिला में सम्भावित बाढ़ जैसी स्थिति हो सकती है। इस स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला में सम्भावित बाढ़ जैसी स्थिति पर दिन रात नजर रखने के लिए जिला सचिवालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इस बाढ़ नियंत्रण कक्ष में लगे टेलीफोन नंबर 01732-237801 पर किसी भी समय संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बारे में सूचना देकर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा सब डिविजन स्तर पर जगाधरी, बिलासपुर व रादौर, तहसील कार्यालय छछरौली तथा जल सेवाएं मण्डल जगाधरी के कार्यालय व हथनी कुंड बैराज में भी बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है।

#### हथनीकुंड बैराज पर बाढ़ चेतावनी कक्ष

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से बचाव को लेकर हथनीकुंड बैराज पर बाढ़ चेतावनी कक्ष बनाया गया है। इस कक्ष में 9050804868 मोबाइल नंबर दिया गया है। जिससे नदियों में बढ़ रहे जल स्तर की मात्रा की पूरी जानकारी मिलेगी। यह बाढ़ चेतावनी कक्ष जिला के अधिकारियों को जल स्तर की मात्रा की समय समय पर पूरी जानकारी देंगे।

#### बरसात में स्वयं व बच्चों को नहीं जाने दें

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिलेवासियों कोआहवान किया कि बरसात के दौरान वह स्वयं या अपने परिवार के सदस्यों को विशेषकर बच्चों को नदियों, नहरों, नालों व तालाबों के पास ना जाने दें। क्योंकि बरसात के मौसम में नदियों, नहरों, नालो व तालाबों का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है और कोई भी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने किसानों व मजदूरों को भी बरसात के मौसम में नदियों और टापू में स्थित खेतों व डेरों में जाने के लिए सावधानियां बरतने की अपील की।

# व्यापारियों की समस्या जल्द हल कराएंगे

- उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के बैनर तले जगाधरी में आयोजित हुई व्यापारियों की बैठक


**यमुनानगर।** जगाधरी खेड़ा बाजार में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के तत्वावधान में जगाधरी के खेड़ा बाजार में व्यापारियों व दुकानदारों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह मित्तल ने भाग लिया। इस दौरान बैठक में व्यापारियों व दुकानदारों ने अपनी समस्याएं रखी। मंडल के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि बैठक में जगाधरी के व्यापारी कमल तनेजा, संजीव गुप्ता, दयानन्द कांबोज, अंकुर माहेश्वरी , आशीष मित्तल, वासु जैन, भावेश अग्रवाल, रमेश मित्तल, गुरदीप पाल, राजेश दत्त व आहूजा आदि ने अपनी समस्याएं रखी। उन्होंने बैठक में बताया कि जगाधरी में प्रत्येक रविवार को पीठ बाजार का आयोजन किया जाता है। जिसके कारण जगाधरी के लोग परेशान हैं। क्योंकि पीठ बाजार के दौरान जगाधरी में जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को आने जाने के लिए रास्ता नहीं मिलता है। वहीं, पीठ बाजार में अपना सामान बेचने वाले जाते समय गंदगी फैला जाते हैं। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पीठ बाजार में बाहर से अन्य स्थानों से लोग अपना सामान बेचने पहुंचते हैं। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्यातिथि एवं उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह मित्तल ने कहा कि जगाधरी के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जल्द ही मंडल का प्रतिनिधिमंडल प्रशासन से मिलेगा। व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा।

# ग्रामीण इलाकों में विकास होगा तेज : कंवरपाल

- हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने सरकार द्वारा माइक्रो लेवल पर प्लानिंग करके पंचायतों को सशक्त बनाने का जताया दावा


**यमुनानगर।** जगाधरी में अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने सरपंचों को बिना टेंडर के 21 लाख रुपये तक के विकास कार्य करवाने की मंजूरी प्रदान करने की सीमा बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सरपंचों की विकास कार्य करने की सीमा बढ़ाने पर ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों की गति के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद जाहिर की है। कृषि मंत्री कंवरपाल ने वीरवार को जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर बातचीत करते कहा कि ग्रामीण स्तर की सरकार को प्रशासनिक और वित्तीय स्वायत्ता प्रदान करके प्रदेश की भाजपा सरकार ने ग्रामीण विकास की गति को बढ़ाया है। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार सभी वर्गों के हितों की रक्षा कर रही है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के लिए सरपंचो को बिना टेंडर के 21 लाख रुपये तक के विकास कार्य करवाए जाने के अधिकार देकर सराहनीय कार्य किया है। इससे ना केवल गांवो में विकास कार्य रफ्तार पकड़ेंगे, बल्कि सरपंच भी कार्यों को अपनी देखरेख में करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करना अति आवश्यक है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार माइक्रो लेवल पर प्लानिंग करके पंचायतों को सशक्त कर रही है। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारियों और नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों के मासिक मानदेय में भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि गांव की सरकार लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक गांव का विकसित होना भी उतना ही जरुरी है। कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि गांव में विकास को गति देने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकारें गांव के विकास के लिए पैसा खर्च करने से बचती थी। जहां वर्ष 2014 से पहले पंचायतों के लिए राज्य वित्त आयोग का अनुदान 600 करोड़ रुपये था। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा के लिए अनुदान की इस राशि को बढ़ाकर 2968 करोड़ रुपये किया गया। इतना ही नहीं वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण विकास के लिए 7276.77 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। जबकि पूर्व की सरकार में 2013-14 के दौरान यह राशि 1898.48 करोड़ रुपये थी।

# समर कैंप में कचरा कम करने की दी जानकारी


**यमुनानगर।** सरकारी स्कूल मंधार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

- राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में चल रहा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में चल रहा समर कैंप लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। कैंप के चौथे दिन वीरवार को कचरा कम करने के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अंग्रेजी अध्यापिका प्रीति रानी ने बताया कि हमें कचरे को कम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीन आर के माध्यम से कचरा कम किया जा सकता है। यदि कचरा कम नहीं किया गया तो वह पर्यावरण को काफी हद तक नुकसान पहुंचा सकता है। हमें कचरा डालने के लिए दो कूड़ेदान का प्रयोग करना चाहिए। एक गीला और एक सूखा कचरा डालने के लिए। यदि हम कूड़े का निवारण सही प्रकार से करें तो हम पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। मौके पर स्कूल इंचार्ज रोहित अरोड़ा, प्रवीण, मुकेश, सुशील, उमा, प्रीति आदि मौजूद थे।

# समस्याओं के निवारण में समाधान शिविर हैं अहम

- जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित किया जिलास्तरीय समाधान शिविर


**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए एडीसी व अन्य अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 67 शिकायतें आई। जिनका अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से मौके पर समाधान किया। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देश पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधन हो रहा है। जिससे नागरिकों को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि वीरवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्ग दर्शन में आयोजित समाधान शिविर में प्रॉपर्टी, आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित करीब 67 शिकायतें लेकर नागरिक पहुंचे। सभी समस्याओं का मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, समकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी की समस्याएं सुनी गई और समाधान किया गया।

#### मौके पर ही समाधान

उन्होंने बताया कि शिविर में पटरी मोहल्ला निवासी हरभजन कौर ने परिवार पहचान पत्र में आयु ठीक करने का अनुरोध किया था जिसे मौके पर ठीक किया गया। वहीं, आजाद नगर निवासी कुनाल, पटेल नगर निवासी अश्वनी कुमार, लालद्वारा निवासी संदीप तलवार के परिवार पहचान पत्र में आईडी अलग की गई। आईटीआई निवासी हिमेश ग्रोवर, कांसापुर निवासी मांगेराम ने परिवार पहचान पत्र में आयु ठीक करके बुढ़ापा पेंशन बनवाने का अनुरोध किया था। इस समस्या का भी मौके पर समधान किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने पुलिस से संबंधित शिकायतों का संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से समाधान किया गया। इस अवसर पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, एचसीएस अंडर ट्रेनिंग आशीष कुमार, डीआरओ श्याम लाल व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाइक सवार युवकों ने एडवोकेट से छीना पर्स

- पर्स में थे सात हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज, आरोपियों ने ईंटें मारकर गाड़ी भी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी के इंद्रा अस्पताल के पास बाइक सवार तीन युवकों ने एडवोकेट की गाड़ी रुकवाकर उसके साथ गाली गलौच की। इस दौरान आरोपियों ने उससे पर्स छीन लिया। जिसमे सात हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज थे। आरोपियों ने ईंटें मारकर उसकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार छोटी लाइन प्रतापनगर जगाधरी निवासी एडवोकेट हर्षित सिंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वकालत करता है। तीन जुलाई को वह अपनी ब्रेजा कार में अपने दोस्त से मिलने के लिए गया था। उससे मिलने के बाद जब वह वापस घर लौट रहा था तो इंद्रा अस्पताल के पास तीन युवकों ने उसे रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उसे कार से नीचे उतारा और उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उससे पर्स छीन लिया। जिसमें सात हजार रुपये, आईकार्ड, आधार कार्ड, आरसी व अन्य जरूरी दस्तावेज थे। इसके बाद आरोपियों ने ईंटें मारकर गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों युवकों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**मंथन** एडीसी ने ली पशु क्रूरता निवारण सोसायटी की बैठक

# घायल पशुओं को उपचार दिलाने के लिए मिलेगी एंबुलेंस सेवा : सिन्हा

गो रक्षा दल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया


**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित पशु क्रूरता निवारण सोसायटी की बैठक के दौरान संबोधित करते अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज. ⏭ यमुनानगर

पशु क्रूरता निवारण सोसायटी की बैठक वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला निगम आयुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में हुई।

बैठक में पशुपालन विभाग, नगर निगम, हरियाणा पुलिस, गोशाला समितियां, गो रक्षा दल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में पशुओं की सुरक्षा, बीमार व घायल पशुओं के उपचार, पशुओं के लिए चारा, बेसहारा पशुओं को रखने के लिए स्थान, डेयरी कॉम्प्लेक्स, मृत पशुओं को निस्तारण समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों व सोसायटी के सदस्यों को कहा कि बरसाती मौसम में जलभराव होने की स्थिति में बेसहारा व अशक्त पशुओं के लिए आपातकालीन दवाओं की आवश्यकता हो सकती है। बीमार व घायल पशुओं को उपचार दिलाने के लिए जल्द ही एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

#### आमजन से की अपील

अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने आमजन से अपील है कि इस्तेमाल पूरा होने के बाद पशुओं को लावारिस हालत में न छोड़ें। उन्हें खुले में छोड़ने की बजाय गोशालाओं में छोड़े। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को बीमार पशुओं को उपचार दिलाने और पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम करने, बीमारियों से संबंधित टीके लगाने व पशुओं को समय पर उपचार दिलाने के निर्देश दिए।

# दिव्यांगों को दिए जाएंगे उपकरण

- जिला रैडक्रास समिति द्वारा होगा शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला रेडक्रॉस समिति के तत्वावधान में जिले में 8 जुलाई से 13 जुलाई तक खंडस्तर पर जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें दिव्यांगजनों व वृद्धजनों की जांच कर उन्हें अंग व उपकरण दिए जाएंगे। समिति के सचिव रणदीर सिंह ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रैडक्रास समिति के प्रधान कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी दिव्यांगजनों व व्योश्री योजना के तहत वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 8 जुलाई से 13 जुलाई तक जिला के सभी खंडों में निःशुल्क जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों तथा व्योश्री योजना के तहत वृद्धजनों की जांच शिविरों का आयोजन सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में किया जाएगा। इस दौरान 8 जुलाईर् को छछरौली व प्रताप नगर खंड के सामुदायिक केन्द्र छछरौली, 9 जुलाई को बिलासपुर खंड के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, 10 जुलाई को साढ़ौरा खंड के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयए 11 जुलाई को सरस्वती नगर खंड के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, 12 जुलाई को रादौर खंड के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय तथा 13 जुलाई को यमुनानगर-जगाधरी खंड के पंचायत भवन यमुनानगर में जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का समय सुबह दस बजे से शाम 3.30 बजे तक रहेगा। इसलिए सभी दिव्यांगजन इन शिविरों का लाभ उठाएं और अपना दिव्यांगता प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड,फैमिली आईडी, आय प्रमाण पत्र एवं फोटो साथ लेकर जाएं। जिला रेडक्रास समिति के सचिव रणदीप सिंह ने बताया कि जिले के हर दिव्यांग को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, सुनने की मशीन, कृत्रिम अंग बैसाखी प्रदान करने व जांच के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

खबर संक्षेप



## एसपी जशनदीप सिंह से मिले डॉ. जसविंदर खैहरा

**कुरुक्षेत्र।** युवा नेता डॉ. जसविन्द्र खैहरा ने कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त एसपी जशनदीप सिंह रंधावा से मुलाकात की। मुलाकात करने के बाद खैहरा ने बताया कि वे बहुत ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी हैं और मुझे आशा है कि आपकी कुशल कार्यशैली से जिला कुरुक्षेत्र अपराध और भय मुक्त होगा। इस अवसर पर मंडी प्रधान जगतार काजल, निशान सिंह रंधावा, गुरदेव सिद्धू ० मनिंदर सिंह साथ मौजूद रहे।

## कुवि के कर्मचारी देंगे वृक्षारोपण में भागीदारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के संकाय सदस्य, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी तथा विद्यार्थी एक साल में 75 हजार पेड़ रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान के लिए आज विश्वविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे।

## स्वस्थ जीवन पर सभी का अधिकार : रेखा

**कुरुक्षेत्र।** स्वस्थ जीवन पर हर अमीर गरीब का बराबर का हक है। स्वस्थ शरीर के साथ ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं तथा अपना व अपने परिवार का जीवनयापन आराम से कर सकते हैं। ये विचार हम फाऊंडेशन सामाजिक संस्था की संयोजक रेखा कल्याण ने संस्था के स्वस्थ बेटी सुद्दढ बेटी अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में रखे। संस्था द्वारा अनेक मलिन बस्तियों में रहने वाली महिलाओं व युवतियों को महावारी के समय आने वाली समस्याओं व उनके समाधान के बारे जानकारी दी।

## जीवन में सत्संग की भूमिका अहम : डा. चुघ



**पिहोवा।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद एंव प्रेरणाओं से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष होने वाली प्रभातफेरियों की श्रृंखला में गौसेवा को समर्पित वीरवार की प्रभातफेरी सूरज प्रकाश तनेजा परिवार की ओर से गुरुद्वारा रोड पर करवाई गई। पंडित राजेश शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद गणेश वंदना से प्रभातफेरी का शुरूआत की गई। जगदीश तनेजा, सागर कश्यप, राजिंदर शर्मा, तान्या सैनी, वीना नारंग, नेहा खत्री, डा. विनोद धीर, धर्मपाल बैरागी, सुभाष अग्रवाल, डिंपल अरोड़ा ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा।

# केयू आईआईएचएस में बीएससी होम साइंस, बीटीटीएम में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

- प्रोग्राम्स में दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 7 जुलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीएससी होम साइंस, बीटीटीएम, पंचवर्षीय इंटीग्रेटेड एमएससी इकोनॉमिक्स ऑनर्स व पंचवर्षीय इंटिग्रेटिड एमएससी बायोटेक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी हो चुकी है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध बीएससी होम साइंस की मेरिट सूची के अनुसार 5 जुलाई को सभी अभ्यर्थियों को आईआईएचएस की होम साइंस लैब में फिजिकल काउंसलिंग हेतु संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके साथ 5 जुलाई को ही बीटीटीएम के लिए कमरा संख्या 123, पंचवर्षीय इंटिग्रेटिड एमएससी इकोनॉमिक्स ऑनर्स के लिए इकोनॉमिक्स विभाग की नई बिल्डिंग तथा पंचवर्षीय इंटिग्रेटिड एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के लिए कमरा संख्या 26 में प्रातः 8 बजकर 30 मिनट पर फिजिकल काउंसलिंग के लिए उपस्थित होना होगा। इन प्रोग्राम्स में दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



कुरुक्षेत्र। काउंसिलिंग में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### मेरिट सूची का ब्यौरा

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीएससी होम साइंस ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 102 से शुरू होकर 97.8 तक, हरियाणा जनरल की 97.6 से 92.2 पर, हरियाणा एससी 91 से 89, हरियाणा डी-एससी 79.6 से 71.2, हरियाणा बीसीए 91 से 87.8, हरियाणा बीसी बी 90.2 से 84, हरियाणा ईडब्ल्यूएस 85.5 से 80.2 तथा डीए/ईएसएम में 79.6 पर मेरिट समाप्त हुई है। उन्होंने बताया कि बीटीटीएम ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 100.2 से शुरू होकर 95.4 तक, हरियाणा जनरल की 95.2 से 92.6 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस 85.6 से 85.5, हरियाणा एससी 91.2 से 87.2, हरियाणा डी-एससी 90.2 से 67.8, हरियाणा बीसीए 91 से 86.6, हरियाणा बीसी बी 89.6 से 83.4 तथा ईएसएम में 73 पर मेरिट समाप्त हुई है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि पंचवर्षीय एमएससी इकोनॉमिक्स ऑनर्स इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स में ऑल इंडिया जनरल की प्रथम मेरिट सूची 102 से 99.4, हरियाणा जनरल की 99 से 96.2, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 89.8, हरियाणा एससी की 93.6 से 92.8 तक, हरियाणा डी-एससी 92.2, हरियाणा बीसीए 91.4 से 91, हरियाणा बीसी बी 92.6 से 89.6 पर समाप्त हुई। वहीं पंचवर्षीय इंटिग्रेटिड एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में ऑल इंडिया जनरल में मेरिट 100.8 से 99.8, हरियाणा जनरल 99.8 से 96.8, हरियाणा एससी की 94.8 से 93.6 तक, हरियाणा डी-एससी 94.4, हरियाणा बीसीए 94.6 से 92.8, हरियाणा बीसी बी 96.8 से 95.6 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग की 95.8 तथा हरियाणा डीए/ईएसएम/एफएफ की 84 पर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## राज्यमंत्री एवं कुलपति डॉ. सोमनाथ सचदेवा ने की श्रद्धांजलि अर्पित

# इतिहास को जिंदा रखने में भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा का अहम योगदान

प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशंसा पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के पौराणिक इतिहास को जिंदा रखने के लिए भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा के योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकेगा। इस महान व्यक्तित्व ने कुरुक्षेत्र का विकास करना ही अपना लक्ष्य बनाया। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ही कुरुक्षेत्र और 48 कोस के तीर्थों का विकास करने के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की स्थापना की थी। अब इस बोर्ड के माध्यम से प्रदेश सरकार 48 कोस के 164 तीर्थों का जीर्णोद्धार कर रही है और इन तीर्थों के लिए कई करोड़ रुपए का बजट भी खर्च किया गया है। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री सुभाष सुधा, महामंडलेश्वर डा. स्वामी साश्वतानंद जी महाराज, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एडीसी डा. वैशाली शर्मा, केयूके के कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ विकास समिति के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, समाज सेवी विजय सभ्रवाल, समाज सेवी कृष्ण धमीजा, विनोद शर्मा, नंदा स्मारक की निदेशक प्रोफेसर शुचि स्मिता ने नंदा जी स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित की और हवन यज्ञ में मंत्रौच्चारण के बीच आहुती डाली। इस दौरान भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशंसा पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की हमेशा प्राथमिकता रही कि करुक्षेत्र का विकास हो। नंदा जी ने 1968 और 1971 में कुरुक्षेत्र से चुनाव लड़ा और इस लोकसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम किया। अब भाजपा सरकार ने वर्ष 2014 से कुरुक्षेत्र व 48 कोस के तीर्थों का विकास करने की योजना तैयार की है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह कुरुक्षेत्र को विश्व मानचित्र के पटल पर लाने के लिए कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि ब्रहमसरोवर भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा की देन है, प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें लाखों पर्यटक व श्रद्घालु शिरकत करते है।



कुरुक्षेत्र। श्रद्धांजलि देते राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नंदा ने लोगों के उत्थान के लिए कार्य किए

महामंडलेश्वर डा. स्वामी साश्वतानंद जी महाराज ने मुख्य वक्ता के तौर पर नगर वासियों को भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत रत्न नंदा जी ने अपने जीवन में पिछड़े, गरीब और दलित वर्ग के साथ-साथ समाज के जरुरतमंद लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। नंदा जी के प्रयासों से गीता स्थली कुरुक्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर एक मुकाम मिला। इस महान व्यक्तित्व के कुरुक्षेत्र के प्रति योगदान को देखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने कुरुक्षेत्र में भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा स्मारक का निर्माण करवाया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा ने अपना जीवन समाज को समर्पित किया और कुरुक्षेत्र व 48 कोस के तीर्थों का विकास करने का लक्ष्य तय किया है। नंदा स्मारक स्थल की निदेशक शुचिस्मिता ने मेहमानों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर केडीबी सदस्य डा. ऋषिपाल मथाना, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन परमजीत, अशोक रोशा, सौरभ चौधरी, विजय नरुला, चिंरजीपूरी महराज, गौडिया मठ के गिरी महाराज, प्रेम नारायण शुक्ल, सहित अन्य अधिकारी गण, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोतः प्रो. सोमनाथ



कुरुक्षेत्र। स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते प्रो. सोमनाथ व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। वे चाहते थे कि ह्लहमे युवाओं को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए, जिससे उनका चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। वे गुरुवार को फैकल्टी लॉज के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएँ ज्ञान का खजाना हैं। वे आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्म-सुधार, दूसरों की सेवा और सार्वभौमिक भाईचारे के महत्व पर जोर देते हैं। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. रामविरंजन, प्रो. डीएस राणा, प्रो. रीटा, प्रो. विवेक चावला, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. कुसुमलता आदि मौजूद रहे।

### समाधान शिविरों में आमजन आसानी से करवा रहे अपनी समस्याओं का समाधान : शांतनु

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री हरियाणा व मुख्य सचिव हरियाणा के निदेर्शानुसार प्रत्येक जिले में कार्य दिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र जिले के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी शिविरों का आयोजन करके आमजन की समस्याओं को सुनने का काम किया जा रहा है। जब से समाधान शिविर लग रहे है, लोग आसानी से यहां आकर अपनी समस्या रखकर, उसका समाधान भी करवा रहे है। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसलिए संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर ही मौजूद रहते है और उन्हें शिकायत मार्क करते हुए, उनका समाधान करने बारे समय रहते निर्देश भी दिए जा रहे है। उपायुक्त शांतनु शर्मा वीरवार को जिलास्तर पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर उनके साथ एडीसी डा. वैशाली शर्मा, नगराधीश डा. रमन गुप्ता मौजूद रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल



कुरुक्षेत्र। बीईओ से मिलते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, लाडवा ब्लॉक प्रधान अमन पाल की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी लाडवा से मिला और प्राइमरी अध्यापकों की समस्याओं से अवगत करवाया। प्रैस प्रवक्ता विक्रम सैनी ने बताया कि उनकी मांग है कि जून माह के वेतन के लिए लेटर जारी किया जाए। एलटीसी बजट डिमांड कराया जाए। बाल वाटिका 3 से कक्षा तीसरी तक की पाठ्य पुस्तकों को विद्यालय में पहुंचाया जाए। छात्र संख्या 20 से काम के जीरो टीचर और सिंगल टीचर स्कूलों में अध्यापकों की एडजस्टमेंट की जाए। प्राइमरी विद्यालय भालड का एमआईएस ओपन किया जाए। मुख्य मांगों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा तुरंत प्रभाव से निपटान करने के लिए आदेश दिए गए।। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुखदेव गजलाना, सचिव विकास, प्रैस प्रवक्ता विक्रम सैनी, ऑडिटर सतीश, प्रवीण कुमार, सुभाष चंद्र, गुरनाम सिंह, दिनेश कुमार, राकेश सैनी, जसवीर, परविंदर कुमार, मलकीत सिंह, राजकमल, सतविंदर सिंह, जय नारायण आदि साथी मौजूद थे।

# प्रदेश भर में होंगे जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन : धीमान

- महासचिव वउ प महासचिव ने कर्मचारियों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 हाई पावर कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन श्रीकृष्ण धर्मशाला में प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन जिला सचिव जगदीप सिंह ने किया। सम्मेलन में शाखा शाहाबाद, लाडवा, कुरुक्षेत्र, बाबैन, पेहवा के सभी कर्मचारी व पदाधिकारी साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में विशेषतः प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा, प्रांतीय उप महासचिव रामनिवास शर्मा ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया।



### जिला पुलिस अधीक्षक का कवलजीत सिंह अजराना ने किया अभिनंदन



कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक जश्रदीप सिंह रंधावा का अभिनन्दन करते कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** जिला के नए पुलिस अधीक्षक जश्रदीप सिंह रंधावा का हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की ओर से कार्यभार संभालने पर अभिनंदन किया गया। संस्था के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना के नेतृत्व में सिख संगत का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचा और एसपी जश्रदीप सिंह रंधावा को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने आशा जताई कि एसपी साहिब अपनी कार्य कुशलता और पूरे पुलिस विभाग के साथ मिलकर जिला भर में अपराध पर अंकुश लगाने में कामयाब होंगे। इस मौके पर नरेंद्र सिंह गिल, सविंदर सिंह भुल्लर, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं के मैनेजर हरकीरत सिंह, दिलबाग सिंह, बलबीर सिंह, जगजीत सिंह मौजूद रहे।

# सीएम से मिला अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल



कुरुक्षेत्र। मुख्ययमंत्री से मिलता हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल डॉ बनवारी लाल की अध्यक्षता में सचिवालय व अन्य साथियों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला। प्रतिनिधि मंडल मंडल में डॉ बनवारी लाल, सुदेश कटारिया, डॉ दिनेश निंबड़िया, ओपी मेहरा, विनोद मोहड़ी, सत्यवान सरोहा, चंद्रमोहन, हरि सिंह, मैनपाल, देवेंद्र कटारिया, सतपाल सिंह शामिल रहे। मीटिंग में निम्नलिखित मांगों पर सहमति बनी व प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया। सरकार द्वारा मजबूत पैरवी करके 23 जुलाई 2024 की तारीख को केस के निपटार का भरसक प्रयास किया जाएगा। यदि कोई पदोन्नति सूची जारी की जाएगी तो उसमें अनुसूचित जाति वर्ग का 20% कोटा रिजर्व रख करके पदों की सूची जारी होगी व केस का निपटारा होते ही अनुसूचित जाति वर्ग को दूसरी पदोन्नतियों के साथ ही सभी बेनिफिट दिए जाएंगे। तृतीय श्रेणी की पदोन्नति में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है।

# विकसित भारत का आधार है युवा शक्ति : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

छात्र संगठन एबीवीपी में लंबे समय तक कार्य करने वाले समाजसेवी सुभाष कलसाना ने शाहाबाद के गांव कलसाना स्थित रविदास मंदिर में युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। यह देखा जा सकता है कि हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान लाने में युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं। इतना ही नहीं समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओ की अहम भूमिका रहेगी। सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने वाली ताकतों को युवाओ के सहयोग से विफल करके ही एक आदर्श समाज की स्थापना की जा सकती है। विश्व में युवाओं की सर्वाधिक आबादी हमारे भारत मे ही है इसीलिए विकसित भारत की नींव युवा शक्ति है। इस अवसर पर सुमित नरवाल, साहिल, कुलविंदर, पंकज, सुरेश, सुमित, रवि, धर्मबीर, काका, रामकरण, बंटी, मास्टर रवि, गौरव सैनी आदि मौजूद रहे।



## सरस्वती चैनल पुल पर सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

# नालों की सफाई में लापरवाही होने पर होगी कार्रवाई : सुभाष

- सफाई संबंधित अधिकारियों को लगाई फटकार
- निकासी बेहतर तरीके के कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने वीरवार को झांसा रोड स्थित सरस्वती चैनल पर बने पुल के पास सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था का कार्य ठीक नहीं होनें पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाते हुए स्पष्टद्द निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था के कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने इस मौके पर कालोनीवासियों की मांग पर यहां पर 4-4 फीट की दीवार बनाए जाने की मांग को भी सुनते हुए संबंधित अधिकारी को कहा कि इस कार्य को आज से ही करना सुनिश्चित करें, यदि कार्य के लिए बजट की कोई आवश्यकता है तो वह उसे उपलब्ध करवाने का काम करेंगे। उन्होंने सरस्वती बोर्ड के अधिकारियों को यह भी स्पष्टद किया कि वह शनिवार को दोबारा से यहां का जायजा लेंगे यदि लापरवाही दिखी तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने वीरवार को औचक निरीक्षण कर यहां की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्टद्द निर्देश दिए कि कहीं पर भी यदि आमजन मानस को पानी निकासी या अन्य सफाई व्यवस्था से संबंधित कोई दिक्कत आई तो इस कार्य में जिस भी विभाग की लापरवाही दिखी तो कार्रवाई की जाएगी। यहां बता दें कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने पहले ही स्पष्टद्द कर दिया था कि वे कभी भी सफाई व्यवस्था का जायजा ले सकते है और आज औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सरस्वती बोर्ड के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वे पोपलेन मशीन या मैनुअल तरीके से यहां की सफाई व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करवाएं। इस दौरान यहां से पाईप लाइन गुजर रही थी, उसके तहत पानी निकासी बेहतर तरीके से हो, यदि वहां पर भी सफाई करवानी है तो उस कार्य को करवाएं। इस मौके पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने यह भी कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर वे 2-3 जिलों का निरीक्षण कर चुके है और निरीक्षण के दौरान कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई गई है। इस मौके पर नगर परिषद के ईओ अभय यादव, सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग मुनीष बब्बर, एमई संदीप शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। निरीक्षण करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप


अंबाला। संवाद के दौरान महिलाओं से मुलाकात करते आप नेता।

### दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर प्रदेश में करेंगे बदलाव

**अंबाला।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष करणवीर सिंह लौट ने वीरवार को गांव काठगढ़ में बदलाव जनसंवाद किया। उन्होंने जनता को दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली और पंजाब की जनता की ज़िंदगी में बड़े सुधार लेकर आए हैं। इस दौरान लोगों से विचारों का आदान प्रदान हुआ।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष को शामिल जांच किया है। गांव सौंडा के पीयांशु ने 23 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि हिसार रोड फौजी स्वीटस हाउस के पास आरोपी ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए उसके नाना सुरेश कुमार को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके नाना की मौत हो गई।

### व्यापारियों को हो रहा है नुकसान

**अंबाला।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरबीर सिंह महल ने कहा कि केंद्र सरकार के आदेशों पर सरकार की लापरवाही के चलते किसान आंदोलन के दौरान लगी बैरिकेटिंग अब तक नहीं हटने से व्यापारयों का कारोबार चौपट हो गया है। इसको लेकर व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग का दिया लालच, 23.50 लाख ठगे

**अंबाला।** ऑनलाइन ट्रेडिंग कराने के नाम पर व्यक्ति से 23.50 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ति ने फेसबुक के जरिए लिंक पर क्लिक किया था। उसके बाद वॉट्सऐप ग्रुप में जुड़ा था। यहां, अच्छे पैसे कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी की गई। साइबर थाने की पुलिस ने ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला कैंट के गणेश विहार के हरप्रीत सिंह ने साइबर थाने पुलिस को शिकायत सौंपी है। हरप्रीत ने बताया कि 10 मई को उसके पास फेसबुक पर एक लिंक मिला।

# सीएम नायब सिंह की घोषणा के बाद खुशी से झूम उठे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा सरपंचों को पॉवर देने के अलावा की गई कई अन्य घोषणाओं से सरपंचों के चेहरों पर रौनक आ गई है। सीएम नायब सिंह द्वारा की गई घोषणा के बाद प्रदेशभर में सरपंच खुशी मना रहे हैं। इसी बीच अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के काफी संख्या में सरपंच अपनी खुशी ज़ाहिर करने के लिए वीरवार को परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल के निवास पर पहुंचे। यहां सरपंचों ने ढोल बजाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इज़हार किया। इस दौरान परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल ने भी सरपंचों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। सरपंचों के साथ बातचीत करते हुए परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि अब सभी सरपंच अपने गांवों में और तेजी के साथ विकास कार्य करवा सकेंगें। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए परिवहन राज्य मंत्री ने कहा कि सीएम नायब सिंह ने सरपंचों की बड़ी मांग पूरी की है। उन्होंने कहा कि सरपंचों को कहीं न कहीं यह महसूस हो रहा था कि उनकी पॉवर को छीना जा रहा है। काम नहीं करने दिए जा रहे हैं। ऐसे में सरपंचों को अगर कोई काम करवाना होता था तो उसकी प्रक्रिया जटिल थी लेकिन सीएम ने जनकल्याण के लिए बड़ी घोषणा की है। इसके बाद सरपंच अपने अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को रफ्तार दे पाएंगे। परिवहन मंत्री असीम गोयल के आवास पर पहुंचे सरपंचों ने बताया कि सरकार ने उनकी मांग पर गौर किया ,इसके लिए वो मंत्री के निवास पर आभार व्यक्त करने पहुंचे थे। सरपंचों का कहना है कि अब वो अपने गांवों में विकास व सुधार के विभिन्न कार्य अपने स्तर पर ही करवा सकेंगे। सरपंचों ने बताया कि सीएम नायब सिंह ने सरपंचों की मांग पर गौर करते हुए सरपंचों की पॉवर बढ़ाकर 21 लाख तक के कार्य करवाने की कर दी है। इसी के लिए आज सभी सरपंच मंत्री असीम गोयल के आवास पर सरकार का आभार व्यक्त करने पहुंचे हैं।

## परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल के निवास पर मिठाई बांटकर मनाया जश्न

इस दौरान बार एसोसियेशन अम्बाला के प्रधान जब्बर चौधरी ने अपनी कार्यकरिणी के साथ राज्यमंत्री से मुलाकात की। इसके उपरांत सैनी सभा के सदस्यगण ने मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। इसके साथ-साथ प्राइवेट बस संचालकों ने अपनी मांगों को लेकर राज्यमंत्री को मांगपत्र सौंपा। ऑयल मिलर एसोसिएशन के सदस्यों, डब्ल्यूसीडी के कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर मंत्री असीम गोयल से मुलाकात की। उन्होंने सभी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं का निवारण करने को तरजीह दे रही है। इसके लिए चंडीगढ़ में मुख्य सचिव कार्यालय में 'समाधान प्रकोष्ठ' बनाया गया है, जबकि जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 से 11 बजे तक लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों की देखरेख समाधान प्रकोष्ठ द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविर मे आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।



### मौके पर किया निवारण

परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के हित में काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह हर दिन विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं का तोहफा दे रहे हैं। राज्यमंत्री वीरवार को अंबाला शहर में स्थित अपने कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुन रहे थे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, सोमनाथ जनसुई, अमन सूद, रामचंद्र सैनी, पार्षद हितेश जैन, यतिन बंसल, पूर्व मेयर रमेश मल, स्वर्ण सिंह, रजनीश भल्ला, संजीव गोयल टोनी, अमरदीप सिंगला, मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार

# छह महीने से बंद शंभू बॉर्डर को खुलवाने की कसरत, कांग्रेस ने कालका चौक पर दिया धरना

कहा किसान व व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली है भाजपा सरकार, सरकार के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। कालका चौक पर आयोजित धरने में मौजूद पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

छह महीने से बंद पड़े शंभू बॉर्डर को लेकर वीरवार को कांग्रेस की ओर से व्यापारियों व किसानों के हितों में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की अगुवाई में शहर के कालका चौक पर धरना देकर शंभू बॉर्डर खोलने की मांग की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं व व्यापारियों को संबोधित करते हुए निर्मल सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार से व्यापारियों और किसानों की मांगों का पर तुरंत समाधान करना चाहिए। देश व प्रदेश के किसान अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली जा रहे थे लेकिन प्रदेश सरकार ने केंद्र इशारे पर शंभू बोर्डर को बैरीकेड व कीलें लगाकर बंद कर दिया। इसके कारण किसान पिछले करीब छह महीने से कड़कड़ाती सर्दी व गर्मी और बरसात में सड़कों पर कष्ट झेल रहे हैं। सरकार की तानाशाही सोच के कारण हरियाणा-पंजाब की सीमा सील होने से यहां के व्यापारियों का भी कारोबार बंद पड़ा है। सरकार के अत्याचार के चलते कई किसान शहीद हो चुके हैं वहीं भाजपा सरकार के अड़यिल रवैये से व्यापारियों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उसके साथ ही कई कर्मचारियों को काम न होने के चलते अपनी नौकरियां तक गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पंजाब के व्यापारी और अनेकों लोग अपने बच्चों की शादियों व अन्य समारोह की खरीदारी के लिए अंबाला आते थे लेकिन रास्ता बंद होने से सभी कारोबारियों के व्यापार ठप हो चुके हैं।

वरिष्ठ नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा कमरे वर्ग और व्यापारियों की लड़ाई लड़ी है। अब भी इस लड़ाई में इनके साथ खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी इस मामले को संसद भी उठा रही है। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने किसानों के मुद्दों और सड़क मार्ग बंद करने के मुद्दे को संसद उठाया है और स्थानीय सांसद वरुण चौधरी व रोहतक से सांसद दीपेंद्र हुड्डा से भी इसे सांसद में उठाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां के सभी बाजारों और ट्रांसपोर्ट पर भी मार्ग बंद होने का असर पड़ रहा है। अब छोटे रास्ते जिनसे थोड़ी बहुत आवाजाही थी वो भी नदी में पानी आने के चलते बंद हो गए हैं। होलसेल कपड़ा मार्केट सहित अन्य कई मार्किट बंद होने के कगार पर हैं। व्यापारी अपने कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थ हो गए हैं। गरीब लोगों के रोजगार पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

### सरकार ने बढ़ा हुआ मुआवजा अब तक नहीं दिया

अंबाला की प्रसिद्ध कपड़ा मार्केट,मनियारी मार्केट, मिक्सी उद्योग,साइंस उद्योग, ट्रक मार्केट, सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी, गुड़ मंडी, कोतवाली बाजार, पटेल रोड, अनाज मंडी मार्केट सहित सभी छोटे बड़े व्यापारियों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारी वर्ग पहले ही भारी भरकम, जीएसटी, नोटबंदी, कोरोना, बाढ़ जैसे हालातों के कारण बर्बादी के कगार पर है। सरकार की ओर से बाढ़ के मुआवजे के नाम पर भी व्यापारी व किसान वर्ग को अभी तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया। अब इस मार्ग बंद की समस्या से व्यापार बिल्कुल तहस नहस हो चुका है। निर्मल सिंह ने अंत में फिर भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की अगर जल्द ही इस रास्ते को ना खोला गया तो साथियों से सलाह करके जल्द की इस धरने को विस्तार देकर आंदोलन का रुप देने से पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओ के साथ साथ व्यापारी वर्ग, किसान वर्ग व मजदूर वर्ग के अनेको साथी शामिल हुए।


अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ. शालीन व अन्य।

# समाधान शिविर में हो रहे तत्काल समाधान

- डीसी ने शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर ज्यादातर समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। इससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। जिलास्तर पर उपायुक्त कोर्ट व मंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। इस शिविर में जिलास्तर पर डीसी व उपमंडल स्तर पर एसडीएम लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। वीरवार को जिला स्तर पर आयोजित शिविर में 45 शिकायतें आई। इनमें से 28 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। 17 शिकायतों को संबंधित विभागों को जल्द से जल्द निवारण के लिए भेज दिया गया है। समाधान शिविर में पहुंचे अंबाला शहर के बलदेव नगर के केवल कृष्ण चावला ने सरकार की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह जिला स्तरीय समाधान शिविर में पीपीपी की समस्या को लेकर पहुंचा था। इस दौरान उपायुक्त ने उसकी समस्या को सुना और तत्काल संबंधित कर्मचारी के समक्ष शिकायत को भेजा। उनकी फैमिली आईडी में जो त्रुटि थी, उसे ठीक कर दिया गया। इस समस्या को लेकर काफी परेशान था। इसी तरह अंबाला शहर के न्यू मिलाप नगर के अभिषेक ने बताया कि उसके परिवार पहचान पत्र में पता गलत था। समाधान शिविर के बारे में पता चला तो यहां वीरवार को शिकायत लेकर पहुंचा। शिकायत पर तत्काल सुनावाई हुई और पीपीपी में पता बदल दिया गया।

# अंबाला शहर में 14 को होगी राहगिरी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह होंगे मुख्यअतिथि
- सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न विभाग लेंगे राहगिरी में हिस्सा, डीसी ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए डीसी व अन्य।

डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि अंबाला शहर में रविवार 14 जुलाई को राहगिरी आयोजित की जाएगी। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह शिरकत करेंगे। आने वाले दिनों में कार्यक्रम स्थल तय कर दिया जाएगा।

डीसी डॉ. शालीन ने वीरवार को अपने आवास पर सभी अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने राहगिरी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अंबाला शहर में रंगारंग अंदाज में राहगिरी आयोजित होगी। इस दौरान डांस की मस्ती से लेकर अलग-अलग स्पोर्टस एक्टिविटी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस राहगिरी में पहुंचने की अपील की है। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह का मानना है कि काम के साथ-साथ लोग स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक हों। इसी को ध्यान में रखकर राहगिरी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग स्पोर्ट्स एक्टिविटी के माध्यम से लोगों को खेलों व स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना मुख्य मकसद है ताकि लोग स्वस्थ रहें। राहगिरी के दौरान अलग-अलग स्पोर्ट्स की एक्टिविटी होंगी। इसमें सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ अलग-अलग सरकारी विभागों की भी भागीदारी रहेगी। पुलिस द्वारा राहगिरी के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे। आयोजन स्थल के चारो ओर पुलिस के जवानों की तैनाती होगी।

## आगे दौड़ पीछे छोड़ में लगे मंत्री

- जजपा नेता विवेक चौधरी ने मंत्री पर किया वार, कहा का नए का ढिंढोरा, पुराना अभी अधूरा

**अंबाला।** शहर के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक चौधरी ने राज्यमंत्री असीम गोयल को आड़े हाथों लिया है। विवेक चौधरी ने कहा अंबाला के सभी प्रोजेक्ट्स जो कई बार बजट बढ़ाये जाने के बाद भी असीम गोयल पूरे नहीं करवा सके वो अंबाला की जनता को अब सुल्तानपुर चौक पर पुल बनवाने का दावा कर रहे हैं। चुनावी घोषणाओं को छोड़कर असीम गोयल पहले अंबाला अग्रसेन चौंक पर बन रहा पुल जो सालों से अधूरा पड़ा है उसे पूरा करवा दें वही काफी होगा। इनकी बड़ी बड़ी बातें जनता ने बहुत सुन ली। चौधरी ने कहा अंबाला शहर की जनता ने असीम गोयल का साढ़े 9 साल से ऊपर का कार्यकाल देख लिया है। जनता को अब सब समझ आ गया है। जो भी काम इन्होंने शुरू करवाये थे वो पूरे नहीं करवा पाए। इनके समय मे बने चौक से लेकर अधूरे प्रोजेक्ट्स तक की जांच करवाई जानी चाहिए। इन्होंने अंबाला शहर के सुधार में कोई कदम नहीं उठाया अंबाला ने पिछले साल बाढ़ झेली इस साल भी ड्रेनेज की कोई व्यवस्था नहीं बनाई नालों की सफाई में देरी हुई।

## पुलिस ऑडिटोरियम में होगा अलौकिक कार्यक्रम

- परिवहन मंत्री होंगे मुख्यअतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। कार्यक्रम का पोस्टर जारी करते हुए बीके बहनें व अन्य। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्मकुमारीज की ओर से रविवार को शाम 5 से 7:30 बजे अंबाला शहर स्थित डीएवी ऑडिटोरियम, पुलिस लाइन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसारिक समस्याएं, आध्यात्मिक समाधान को लेकर चर्चा होगी।

इस अलौकिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई होंगे जोकि प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता हैं। उन्होंने लाखों लोगों के सकारात्मक परिवर्तन में मदद की है, जो पीस ऑफ माइंड चैनल में समाधान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता है। हाल ही में सूरज भाई को एनआरआई वेल्फेयर सोसायटी, लंदन द्वारा नेल्सन मंडेला लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री असीम गोयल होंगे। जबकि वक्ता के रूप में राजयोगिनी बीके गीता दीदी भी पधारेंगी। कार्यक्रम ब्रह्मकुमारी राजयोग भवन जग्गी कॉलोनी की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्कुमारी दिव्या दीदी और राजयोगिनी बीके मीरा दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

## आड़ू-आलूबुखारा के उत्पादन तकनीक किसानों को बताई

- क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चांदसौली में बागवाली को लेकर आयोजित हुआ प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेते किसान व वैज्ञानिक।

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चांदसौली में बागवानी फसलों की उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों ने एमएचयू के वैज्ञानिकों से बागवानी फसलों से संबंधित कई प्रश्न पूछे, जिनके बारे में वैज्ञानिकों ने बखूबी जवाब दिए। कृषि विज्ञान केंद्र एचएयू में कार्यरत डॉ. देवेंद्र चहल ने बागवानी के महत्व व क्षेत्र में होने वाली फलदार फसलों जैसे आडू, आलू बुखारा, नाशपाती आदि की उत्पादन तकनीक पर विस्तार से प्रकाश डाला। उष्ण कटिबंधीय फल केंद्र लाडवा से डॉ. शिवेंद्रु ने केंद्र पर किसानों के लिए की जाने वाली गतिविधियों व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया। उन्होंने आम की खेती की उन्नत तकनीकों को भी किसानों के साथ सांझा किया। डॉ. विनोद कुमार ने इस मौसम में बेल वाली सब्जियों की उत्पादन तकनीकों से किसानों को अवगत कराया। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र पर कार्यरत डॉ. पवन कुमार ने किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार खेती करने की रणनीति बताई।

## इनेलो नेता बोले, नप का नाम बदलकर नरक परिषद कर देना चाहिए

# अंबाला छावनी के तीन रास्ते और तीनों बंद

- मुंशी ने बताया कि सीवर का पाइप टूट गया है जिसके कारण काम होना मुश्किल है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। बंद पड़ी सड़क का मुआयना करते इनेलो नेता व अन्य।

नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि अंबाला छावनी आने व जाने के तीन रास्ते और तीनों रास्ते कार्य चलने के कारण बंद हो रखे हैं। ऐसे मे जनता जाए तो जाए कहां से। नगर परिषद के कार्यों में जितनी अवस्था अंबाला छावनी में है उस हिसाब से नगरपरिषद का नाम बदलकर नरक परिषद कर देना चाहिए। कबाड़ी बज़ार के नाले की पुलिया का काम बंद होने के कारण सारा व्यपार ठप्प होने से परेशान दुकानदारों द्वारा बुलाने पर मौके पर पहुंचकर ओंकार सिंह ने ठेकेदार के मुंशी और सीवर विभाग के कनिष्ठ अभियंता से बात की। मुंशी ने बताया कि सीवर का पाइप टूट गया है जिसके कारण काम होना मुश्किल है। सीवर विभाग के कनिष्ठ अभियंता कुलदीप ने बताया की कल सीवर पाइप ठीक करने का कार्य शुरु हो जाएगा।

ओंकार सिंह ने कहा कि यह विभाग की जिम्मेवारी है कि समय समय पर चेक करें कि कौन सा कार्य कैसे चल रहा है लेकिन लगता है कि जनता के दुख तकलीफ की परवाह न तो चौकीदार को है और न ही प्रशासन को। तोड़ी गई नाले की पुलिया एक मजबूत पुलिया थी जिसको तोड़ने के बजाय उसके दोनों तरफ अतिरिक्त पुलिया बनाकर उसे पुरानी से जोड़कर भी काम चलाया जा सकता था। इसी प्रकार सदर बज़ार की भी पक्की सड़क तोड़कर नई बनानी शुरू कर दी। 12 क्रॉस रोड वाली सड़क भी कई सालों से बंद पड़ी है । कोई पूछने वाला नहीं, कोई देखने वाला नहीं कि कार्य कैसे हो रहा है, जनता कैसे परेशान हो रही है। उन्होंने उपायुक्त से अपील की किया माला छावनी के विकास कार्यों की देखरेख के लिए अलग अधिकारी नियुक्त किया जाए ताकि जनता को परेशानी भी ना हो और कार्य ठीक ढंग से संपन्न हो सके।